दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 93 मुरादाबाद 28 July 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## लखनऊ में एक ही परिवार के तीन लोगों ने खाया जहर, पिता-पुत्री के बाद मां की भी मौत



जानकीपुरम के सल्तानपुर गांव में बुधवार दोपहर हुई हृदयविदारक घटना में दंपति ने 15 वर्षीय पुत्री समेत जहरीला पदार्थ का लिया। हालत गंभीर होने पर तीनों को केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां, डाक्टरों ने पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला की हालत नाजुक देख उसे भर्ती कर लिया गया, लेकिन कुछ देर बाद उनकी भी मौत हो गई। जानकीपुरम के सुल्तानपुर गांव में रहने वाले 45 वर्षीय शैलेंद्र कुमार ट्यूबवेल विभाग में जेई थे। बुधवार दोपहर शैलेंद्र उनकी 40 वर्षीय पत्नी गीता और बेटी प्राची ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ का लिया। हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां, डाक्टरों ने शैलेंद्र और उनकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गीता की को भर्ती किया गया था, लेंकिन कुछ देर बाद उनकी भी मौत हो गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर जानकीपुरम, एसीपी अलीगंज समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके से फिलहाल कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है। उधर, एक परिवार में तीन लोगों की मौतों की सूचना से पूरे गांव में मातम छा गया। शैलेंद्र के घर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। लोग कई तरह के कयास लगाने लगे। पुलिस को आशंका है कि पारिवारिक कलह के चलते शैलेंद्र ने पत्नी और बेटी के साथ मिलकर जहर खाया है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## कन्नौज में पूर्व राष्ट्रपति कलाम का सपना पूरा करे सरकार, अखिलेश यादव का ट्वीट



समाजवादी पार्टी ( सपा ) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते योगी सरकार से कन्नौज में उनका सपना पूरा करने का आग्रह किया। अखिलेश ने कहा कि वहां लगा सोलर प्लांट ( सौर संयंत्र ) बंद पड़ा है। उसे सरकार ठीक कराए। अखिलेश ने ट्वीट किया, आज पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर उनको याद करते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार से आग्रह है कि इत्र नगरी कन्नौज में उनके सपने को पूरा करते हुए सपा सरकार के समय जो सोलर प्लांट बना और सफलतापूर्वक चल रहा था, वह अब मरम्मत के अभाव में बंद पड़ा है, उसे ठीक करवाएं। पूर्व मुख्यमंत्री ने 27 जुलाई 2015 को कलाम के निधन से 20 दिन पहले उनके कन्नौज आकर सोलर प्लांट का उद्घाटन किये जाने की एक खबर भी साझा की। अखिलेश उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री थे।

## कंगारू कोर्ट चला रहा मीडिया, 2024 में भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी; पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी



बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की ईडी की ओर से गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी ने कहा है कि मैं किसी एजेंसी के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन इसका इस्तेमाल राजनीतिक दलों को बदनाम करने के लिए नहीं होना चाहिए। ममता बनर्जी ने बुधवार को मीडिया पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मीडिया कंगारू कोर्ट की तरह काम कर रही है। हम मीडिया ट्रायल के खिलाफ हैं। यही नहीं उन्होंने कहा कि आप लोग भरोसा रखिए भाजपा 2024 में सत्ता में वापसी नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि अदालत में जो भी दोषी पाया जाए, उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दलों की छवि खराब करने के लिए नहीं करना चाहिए। ममता बनर्जी ने कहा, आप जब बड़े संस्थान चलाते हैं तो गलतियां होती हैं। यदि किसी ने कोई गलती की है और दोषी पाए जाते हैं तो फिर उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन मैं छवि खराब करने वाले मीडिया कैंपेन के खिलाफ हूं। मीडिया कंगारू कोर्ट का रोल कर रहा है। एक सीनियर जज ने भी हाल ही में यह बात कही थी।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दौर में विपक्षी नेताओं के अलावा कारोबारियों को भी एजेंसियों की ओर से टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि एजेंसियां पक्षपात से दूर रहते हुए काम करती हैं तो कोई दिक्कत की बात नहीं है, लेकिन इन्हें राजनीतिक दलों की छवि खराब करने के लिए यूज नहीं करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विपक्षी सांसदों के निलंबन का भी जिक्र किया। ममता बनर्जी ने कहा कि इन दिनों यदि आप विरोध दर्ज कराते हैं तो फिर आपको सस्पेंड कर दिया जाता है। बता दें कि राज्यसभा से मंगलवार को जिन 19 सांसदों को निलंबित किया गया था, उनमें से 7 टीएमसी के हैं और 6 डीएमके से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 में चुनाव जीतकर सत्ता में नहीं लौटेगी। ममता बनर्जी ने कहा, मैं नंबरों के बारे में बात कर सकती हूं कि वे कहां से आएंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि भाजपा अब सत्ता में वापसी नहीं करेगी।

## एक के लिए पुष्पवर्षा..दूसरे के लिए बुलडोजर, कांवड़ यात्रा पर बोले ओवैसी



देश में इन दिनों कावंड़ियों की धूम है। सावन के महीने में सड़कों पर कावड़ियों की भीड़ नजर आ रही है। इस दौरान उनकी भक्ति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तो कई जगहों पर उनके ऊपर फूल भी बरसाए जा रहे हैं। इसी बीच कांवड़ यात्रा पर हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा है कि एक समुदाय के ऊपर पुष्पवर्षा हो रही है तो वहीं दूसरे के ऊपर बुलडोजर चल रहा है। दरअसल, अपने सिलसिलेवार ट्वीट्स और एक वीडियो में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पुलिस वाले कांवड़िया पर फूल बरसा रहे हैं, पैरों पर लोशन लगा रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने कांवड़ियों को परेशान न करने के लिए लोहारों को उनके रास्ते से हटा दिया, यूपी सरकार ने उनके रास्ते में मांस पर प्रतिबंध लगा दिया। यह कौन सी संस्कृति है। क्या यह रेवड़ी संस्कृति नहीं है।ओवैसी ने आगे यह भी आरोप लगाया कि अगर कोई मुसलमान कुछ मिनटों के लिए भी खुली जगह में नमाज अदा करता है, तो यह एक विवाद हो जाता है। मुसलमानों को पुलिस की गोलियों, हिरासत में संघर्ष, एनएसए, यूएपीए, लिंचिंग, बुलडोजर का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ मुसलमान होने के कारण ऐसा होता है।असदुद्दीन ओवैसी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब उत्तर प्रदेश में मुसलमानों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर नमाज अदा करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। हाल ही में लुलु मॉल विवाद के बाद कई मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए ओवैसी ने कहा, कांवड़ियों की भावनाएं इतनी मजबूत हैं कि वे एक मुस्लिम पुलिस अधिकारी का नाम तक बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह भेदभाव क्यों है। एक धर्म के लिए ट्रैफिक डायवर्ट और एक के लिए बुलडोजर ठीक नहीं है।बता दें कि इधर देश के कई हिस्सों में शिवभक्त कांवड़ यात्रा कर रहे हैं। अयोध्या समेत तमाम जगहों पर कांवड़ और कांवड़ियों के अनोखे रंग दिख रहे हैं। कई जगहों पर तो इस यात्रा में शिवभक्ति के साथ देशभक्ति भी नजर आ रही है।

# विधानसभा निर्वाचक नामावलियों मे शामिल मतदाताओं आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों / राजकीय विभाग/अर्धशासकीय संस्थाओं / बैंक/ पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी / कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित समस्त मतदाताओं का आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं को आधार नम्बर एकत्र करने के अतिरिक्त अपने आवेदन पत्र फार्म-6बी जमा करने हेतु विशेष सुविधा देने के प्रयोजन से दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ हो रहे मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान दिनांक 07 अगस्त 2022 (रविवार) एवं 21 अगस्त 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थल पर किया जायेगा तत्क्रम में आपसे अपेक्षा है कि अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म-6बी पर अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कॉपी में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसीलों में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र भिनगा इकौना एवं तहसील जमुनहा अथवा सम्बन्धित क्षेत्र के बूथ लेविल ऑफिसर (बीएलओ) को उपलब्ध कराने का कष्ट करे। उन्होने यह भी बताया है कि दिनांक 01 अगस्त, 2022 को शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा, श्रावस्ती में एक कार्यक्रम आयोजित करके निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का कार्यक्रम मध्यान्ह 12.00 बजे शुभारम्भ किया जायेगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी द्वारा तथा बूथ स्तर पर बीएलओ द्वारा आयोजित किये जायेंगे।उन्होन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी भिनगा एवं इकौना निर्देश दिया कि समस्त बीएलओ को भी शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित कर दिनांक 01 अगस्त, 2022 को उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए कार्यक्रम की फोटो/वीडियो कवरेज भी कराना सुनिश्चित करें।

## फुटबॉल मैच का आयोजन संपन्न




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती,खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी श्रावस्ती उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्टेडियम ब्लू की टीम विजेता रही वही स्टेडियम रेट कीटीम विजेता रही।जिला क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव ने स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस एवं बाल गंगाधर तिलक की माल्यार्पण कर इस खेल के आयोजनका शुभारंभ किया।इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्राप्रधानाचार्य कैसरजहां जागेसर सैनी,हॉकी कोच विवेक प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व चेयरमैन स्व: श्री वृजकिशोर गुप्ता के प्रतिष्ठान पर कांवरियों को कराया गया जलपान



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर-खुटार- सोमवार सुबह को खुटार से फर्खाबाद घटियाघाट गंगाजल लेने गए कावड़ियो को बुधवार को पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय श्री वृजकिशोर गुप्ता जी की दुकान पर जल पान कराया गया,इस मौके पर दिनेश कुमार गुप्ता इत्यादि मौजूद रहें।

## खुटार चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा तिलक जलपान कराके किया स्वागत



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर-खुटार- गर पंचायत खुटार चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने नगर के बंडा चौराहा पुवायां बण्डा रोड पर फर्खाबाद ,घटियाघाट से गंगा जल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवरियों को पुष्प वर्षा तिलक व जलपान करा कर स्वागत किया उनके साथ सभी सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहें। सभी ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा तिलक कर भव्य स्वागत किया साथ ही सभी कांवड़ियों को जलपान करा कर विदा किया।


## 220 शीशी नाजायज नेपाली शराब के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना सिरसिया पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.इंद्र बहादुर पुत्र चंद्र बहादुर 2.वीर बहादुर पुत्र गरिमन निवासी वार्ड संख्या 7 थाना जुगरा जिला डांग राष्ट्र नेपाल को गश्त/ चेकिंग के दौरान 220 शीशी नाजायज नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा 01 अदद पल्सर मोटरसाइकिल वाहन अधिनियम में सीज किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मुकदमा अपराध संख्या 213/2022 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

## हर वर्ष की तरह इस बार भी पूर्व चेयरमैन के आवास पास हुआ कांवडियों का भव्य स्वागत सत्कार





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर-खुटार- हर साल की तरह इस साल भी पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण गुप्ता के प्रतिष्ठान पर कांवड़ियों को चंदन तिलक लगाकर व हलवा चना का प्रसाद वितरण कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। बुधवार को फर्रुखाबाद घटियाघाट से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ जा रहे खुटार के कांवडियों का पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता, भाजपा नेता लक्ष्मण गुप्ता के तिकुनिया स्थित प्रतिष्ठान पर पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता, उनके बेटे विपिन गुप्ता ने कांवडियों को चंदन तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्हें हलुवा व चने का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर उनके साथ सनूप गुप्ता, दीपक गुप्ता, रामकृष्ण मिश्रा बबलू, अवधेश गुप्ता, गुड्डू वर्मा, नोखे लाल आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने गोली मारकर की मासूम बच्चे की,हत्या परिजन ने लगाई डीआईजी से मदद की गुहार क्या पुलिस बड़ी घटना का कर रही हैं इंतजार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- मंडल के ग्राम टिकरी कलां




थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस, में 13 जुलाई को, दबंगों ने लाइसेंसी बंदूको से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और 5 लोग घायल हुए घायलों का इलाज जैन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़,में चल रहा है मृतक के परिजन अलीगढ़ मंडल,डीआईजी से मिले पीड़ित गोविंद पुत्र कुंवर बहादुर ने आरोप लगाया हत्याकांड में पुलिस ने 6 आरोपियों को जेल भेज दिया है मैंन अभियुक्त बबलू उर्फ राजेश,को पुलिस ने अभी गिरफ्तार नहीं किया है पुलिस से सांठगांठ कर आरोपी कार्रवाई से बचना चाहता है जबकि उसके इशारे पर पूरे,हत्याकांड को अंजाम दिया गया है हत्याकांड का मैन अभियुक्त है प्लानिंग के तहत उसने गोली चलवाई और हत्याकांड को अंजाम दिया मृतक के परिजनों को धमका जा,रहा है कार्रवाई वापस ले लो नहीं तो फिर अंजाम खराब होगा मृतक का परिवार घटना से सदमे में है डर सता रहा है कहीं फिर आरोपी कोई संगीत अपराध को अंजाम न दें दें अलीगढ़ मंडल उपमहानिरीक्षक ने,फोन द्वारा सिकंदराराऊ कोतवाल से जानकारी ली और कार्रवाई के निर्देश दिए पीड़ित परिजनों को भरोसा दिया है कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी वही पीड़ित ने बताया कि गुंडा किस्म के व्यक्ति हैं हमें अपनी जान मान का खतरा है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पंचायत सभागार में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य के अन्तर्गत "बिजली महोत्सव" का कार्यक्रम आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- पंचायत सभागार में आज आजादी के अमृत महोत्सव में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य के अन्तर्गत 卐बिजली महोत्सव एवं उजाला दिवस卐 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद के दो ऐसे ग्रामों जिनको विगत में केन्द्र की विद्युतीकरण योजना से आच्छादित किया गया है तथा जिनका स्वतन्त्रता




संग्राम में विशिष्ट योगदान रहा हो, में दो उपयुक्त स्थलों का चयन कर 卐उज्जवल भारत- उज्जवल भविष्य卐 के संबंध में नुक्कड नाटक आयोजित कर जन जागरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक विद्युत तंत्र के विकास हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा किए जा रहें प्रयासों का भी विशेष रुप से उल्लेख किया गया। मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में सोलर एवं ओटीएस में सराहनीय कार्य करने पर लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों का सौभाग्य है कि हम आजादी का 75वां वर्ष पूरा करने जा रहे हैं और आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 वर्षो में विद्युत उत्पादन एवं परिणाम में काफी प्रगति हुई है, पहले बिजली आपूर्ति की स्थिति बहुत अच्छी नही थी, किन्तु आज जनता की अपेक्षाओं के अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विद्युत आपूर्ति नियमित रुप से की जा रही है ठीक इसी प्रकार विद्युत बिलों को भी नियमित रुप से जमा करते रहें तथा बिजली की चोरी कदापि न की जाये। आज के दौर में बिजली के बिना हमारा जीवन अपूर्ण है। सदस्य विधान परिषद श्री गोपाल अंजान ने बिजली महोत्सव एवं उजाला दिवस के आयोजन के अवसर पर कहा कि सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अपने देश के महान व्यक्तियों, संस्कृति और उपलब्धियों को याद करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा व नवीनीकरण ऊर्जा क्षेत्र में प्राप्त की गयी प्रमुख उपलब्धियों एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की संभावनाओं से देश के नागरिकों को भलि भांति परिचित कराना बिजली महोत्सव का उद्देश्य है। यह महोत्सव भारत के उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने भारत की विकास यात्रा को गति देने इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा डा. शैफाली सिंह, सदस्य विधान परिषद श्री सतपाल सिंह सैनी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की सदस्या साध्वी गीता प्रधान, मुख्य अभियन्ता विद्युत श्री पकंज, पर्यावरणविद् श्री सतीश चन्द्र गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत श्री संजय कुमार गुप्ता, अल्पना रितेश आदि उपस्थित रहें।

## लव जिहाद थमने का नाम नहीं ले रहा पीड़ित ने मांगी करणी सेना से मदद करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/बरेली- दूसरे समुदाय के युवक ने नाम बदलकर 20 वर्षीय विवाहिता को भगाने का आरोप लगा है बताते चलें ग्राम एना थाना सिविल गंज की रहने वाली एक महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की उनकी 20 वर्षीय विवाहिता पुत्री को विपक्षी जो कि दूसरे समुदाय का युवक है परंतु वह अपना घर का नाम हिंदुओं वाला रखकर पहले भी कई महिलाओं को भगा चुका है और अब 22 और 23 की रात लगभग 1ः00 बजे प्रार्थिनी की पुत्री को भगा कर ले गया है प्रार्थिनी ने बताया कि उक्त आरोपी पर पहले भी कई मामले थाने सीबीगंज को दिए गए हुए हैं काफी खोजने के



बाद जब दोनों लोग नहीं मिले तो प्रार्थिनी एवं उसके दमाद के द्वारा थाना सीबीगंज में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही शिकायत दर्ज की है जिससे परेशान होकर पीड़ित परिवार करणी सेना के अध्यक्ष राहुल ठाकुर के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे और कार्रवाई की मांग की है वही राहुल ठाकुर ने कहा कि ऐसे लव जिहाद के मामलों में पुलिस को तत्काल रुप से कार्रवाई करके लड़की को बरामद करना चाहिए जबकि पुलिस ने अभी तक पीड़ितों की बात ना सुनते हुए कोई कार्रवाई नहीं की है यह सरासर गलत है

## मुरादाबाद में पार्षद पति की गिरफ्तारी पर अड़े सफाई कर्मी, दी सफाई ठप करने की चेतावनी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद नगर निगम में पार्षद पति और भाजपा नेता के सफाई कर्मियों के संग गाली गलौज को लेकर हंगामा हो गया। कर्मचारी के संग निगम के जेड एस ओ के होने से मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मुद्दे पर नगर निगम कर्मचारी संगठनों ने पार्षद पति के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी की मांग की। मामले में नगर आयुक्त से वार्ता के बाद सफाई कर्मियों ने नागफनी थाने में रिपोर्ट दर्ज की तहरीर दी है। मामला बुधवार की सुबह राम गंगा नदी के किनारे का है। वार्ड - 31 की महिला पार्षद रुचि चौधरी के पति भाजपा नेता नवीन चौधरी ने धट बाबा मंदिर के पास कूड़ा होने पर सफाई की बात कहीं थी। इसी जगह को देखने सुबह सात बजे जेड एस ओ महेश वर्मा और सफाई नायक राज कुमार पहुंचे। जेडएसओ का कहना है कि पार्षद पति उन पर रामगंगा किनारे मलबे को समतल कराना चाहते थे। इस पर इंकार से भाजपा नेता भड़क गए। गाली-गलौज करने लगे। आरोप है

कि भाजपा नेता ने उन्हें गंगा में डुबोकर मारने की धमकी दे दी। जेडएसओ व सफाई कर्मचारी के संग दुर्व्यवहार की खबर फैली तो निगम कर्मचारियों ने विरोध कर दिया। निगम दफ्तर में विरोध प्रदर्शन कर भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग कर सफाई व्यवस्था ठप कर दी।

## अमरोहा की एक प्रेम कहानी चट मंगनी पट ब्याह की तर्ज पर, दोपहर में इश्क हुआ, शाम को प्रेमी संग भाग गई प्रेमिका

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-अमरोहा- उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद में एक प्रेम कहानी ने चट मंगनी पट ब्याह की तर्ज पर जन्म लिया। किशोरी को चंद मिनट में युवक से प्रेम हुआ और उसमें ही उसने अपने परिवार की इज्जत दांव पर लगा दी। किशोरी को इश्क एक शादी समारोह के दौरान दोपहर में हुआ और शाम होते-होते वह युवक के साथ भाग गई। किशोरी की मुहब्बत की शुरुआत एक शादी समारोह से हुई। दोपहर में शादी समारोह में रामपुर के युवक से उसकी मुलाकात हुई और चंद मिनट में ही चंद बातों में दोनों के बीच इश्क हो गया।शाम को वह प्रेमी संग घर से भाग गई। अब पिता ने प्रेमी व उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों की तलाश में



जुट गई है। चंद घंटे के इश्क का यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान की रिश्तेदारी गांव में भी है। 20 जुलाई को किसान की रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम था। इसमें रामपुर जनपद के टांडा थाना क्षेत्र के गांव के मेहमान भी आए थे। दोपहर में रामपुर से आए मेहमान से किसान की बेटी का आमना-सामना हुआ तथा दोनों में बातें होने लगीं। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया।दोपहर बाद किशोरी वहां से अपने घर चली गई। बताते हैं कि रामपुर का युवक गांव में ही मौजूद रहा। शाम ढलते ही किशोरी घर से लापता हो गई। जब स्वजन को वह नहीं मिली तो छोटी बहन से पूछा। उसने सारी कहानी स्वजन को बता दी। किशोरी के स्वजन ने रामपुर में युवक के स्वजन से पूछताछ की तो युवक भी घर नहीं पहुंचा था। दोनों के स्वजन ने उन्हें तलाश कर रहे थे। कोई सुराग न मिलने पर किशोरी के पिता ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज चौहान ने बताया कि इस मामले में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों युवकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही युवकों और किशोरी को तलाश कर लिया जाएगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Mess with hope

These days we tie the highest expectations to our players. We cannot easily accept that the country with the most youth in the world should be left behind in sports competitions. Therefore it is expected that our governments, our sports organizations will give all possible help to the players who come forward. Governments also seem to be taking a pledge to leave no stone unturned. But the troubles faced by Olympic bronze-medallist boxer Lovlina Borgohain tells how these resolves die before they hit the ground and how sportspersons' dreams fall into bureaucratic traps.

remain trapped. The Commonwealth Games are almost around the corner and Lovlina is one of the few sportspersons from whom the country is hoping to win a gold medal. Lovlina has tweeted that she is being mentally tortured. They are not being allowed to take training from their personal coach. One of their coaches has been sent back to India and the other coach, who is a Dronacharya awardee, is not being allowed inside the sports village as he is yet to receive the recognition card. The effect of Lovlina's tweet has definitely been that even the Sports Ministry has raised its ears and orders have been issued to give recognition cards etc., otherwise the Boxing Association was expressing its inability by citing the rules.

Lovlina is not the first player to have made such a complaint. Complaints have come in the past also and there have been many big names among those who have made such complaints. But the way Lovlina has raised this matter in front of the country right at the time of competition, she has created trouble for the sports administrators.

Lovlina is indeed a representative player of this era. She grew up in a lower middle class family in Golaghat, a less talked about district of Assam, where people could not even dream of such a big success. The whole nation will always be indebted to Lovlina Borgohain for the passion and hard work she instilled in her to win an Olympic medal while living in such a background. The fact is that most of our players who have made a name for themselves around the world in the last few years are from similar backgrounds. When these players win medals for the country, then all kinds of help are announced to them. But what actually happens to them, it has been revealed by a tweet by Lovlina."Lovlina had to take the help of Twitter to complain, this also says a lot in itself.

This means that our sports system does not have such a solid system, where players with achievements and potential can be heard. In her tweet, Lovlina has also said that she is saying with folded hands, but no one is listening to her.


Unless we create such a sports system in the country, which listens sympathetically to the players and gives them solutions, there is no point in pointing fingers at their performance in international sports.

## Kriti Sanon charges a hefty fee for a film, has her own business with acting



Kriti Sanon, who has appeared in films like Luka Chuppi, Bareilly Ki Barfi and Mimi, has got her name included in Bollywood's top list actresses today. She started her career with the Telugu film Nenokkadine, in which she appeared opposite Mahesh Babu. In Bollywood, he worked opposite Tiger Shroff in the film 'Heropanti'. His performance in the very first film was highly appreciated. In today's time, Kriti Sanon is not only a well-known name, but she charges crores of rupees for a film. In the year 2022 and 2023, Kriti Sanon is going to be seen in many big films. Today, on his birthday, we will tell you many things related to his fees and personal life in this article. After completing her studies in engineering, Kriti Sanon had stepped into modeling - Kriti Sanon was born on July 27, 1990. Today she is celebrating her 32nd birthday. Kriti Sanon was born in New Delhi. His father is a chartered accountant and mother is a professor of physics. He did his early studies from Delhi Public, after that he completed his degree in engineering. Kriti Sanon did some modeling assignments after completing her studies, but during this time she signed a Telugu film. The year when Kriti made a Telugu film, she got a chance to work in Sajid Nadiadwala's film 'Heropanti' in Hindi. Couldn't show anything special in refining. But Ashwiny Iyer Tiwari's film 'Bareilly Ki Barfi' released in the year 2017 proved to be a big hit in Kriti Sanon's career. After this, Kriti never looked back and played different characters in films like Luka Chuppi, Housefull 4, Panipat. Although the film 'Mimi' made four moons in his career. The actress was highly appreciated for playing the role of a surrogate mother in this film. Kriti Sanon charges crores for a film - Kriti Sanon is included in the list of highest paid actresses in today's young generation. Kriti's stellar performance in Mimi made her one of the director-producers' list. According to the reports, where Kriti earlier used to charge around 2 crores for one of her films. So after the same Mimi, now she charges up to 4 crores for a film. According to the report of Caknowledge, Kriti earns the most from her acting and brand endorsements. If reports are to be believed, Kriti Sanon charges around Rs 2 crore to endorse a brand. Kriti Sanon's total assets are around 29 to 30 crores.

## From Uncle's 'dirty act' in childhood to getting pregnant after one night stand, these revelations of Kubra Sait surprised everyone



July 27 Actress Kubbra Sait celebrates her birthday. Kubbra has won the hearts of the audience after many years with its power packed performance. Actress Kubra Sait, who became famous overnight after 'Sacred Games', has been in discussion about her personal life more than her professional life in the past. Kubra Sait has suffered a lot in his personal life but never gave up and has made a special place for himself in the industry on his own. On the special occasion of his birthday, let us tell you the revelations of Kubra Sait, which surprised everyone. Born in Bangalore - Kubra Sait was born on July 27, 1983 in Bangalore. In 2005, Kubra Sait shifted to Dubai and started working with Microsoft as an accounts manager. According to Wikipedia, Kubra started hosting shows at the age of 13. In 2013, she was also honored with India's Best Female MC Award. In 2009, Kruba won the Miss Personality title at the Miss India Worldwide beauty pageant. Kubbra Sait's younger brother Danish Sait is a radio jockey and TV host. Uncle had done dirty acts- Kubra Sait himself had disclosed that his uncle had sexually abused him. Kubra Sait had told that she had gone to a restaurant with her family in Bangalore, where her family became friends with a person. Gradually that person came very close to Kubbra's family and started keeping information about every happiness and sorrow. Kubbra had told that the person started taking advantage of the compulsions of his family. At the same time, he had also molested Kubra. Kubbra had told that this person was called Uncle, who abused her for about two and a half years.

# अपंजीकृत सूर्या हॉस्पीटल व दो अन्य पर स्वास्थ्य विभाग का छापा ,थमाऐ नोटिस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मुख्य चिकित्साधिकारी डा.उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में अवैध चिकित्सा व्यवसाय के नोडल डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार द्वारा देहली रोड स्थिति गंगा नगर पर विगत काफी समय से बेखौफ होकर संचालित सूर्या हॉस्पीटल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापामार कार्यवाही की गयी ! कार्यवाही के दौरान सूर्या हॉस्पीटल में लगभग पन्द्रह बैड पडे पाऐ गऐ तथा एक महिला का प्रसव होने के साथ ही अन्य मरीजों का भर्ती होना पाया गया ! बताया जाता है कि किसी अवधेश नामक डाक्टर के नाम से सूर्या हॉस्पीटल को पांच बैड में रजिस्टर्ड किऐ जाने हेतु ऑन लाइन आवेदन सीएमओ के यहां करके बिना पंजीकृत हुऐ हॉस्पीटल का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया ! डिप्टी सीएमओ ने उक्त फर्जी हॉस्पीटल को नोटिस थमाकर जबाब मांगा है , इसी क्रम में निधौलीकलां कस्बे में अन्त क्लीनिक नाम से ऑन लाइन आवेदन सीएमओ ऑफिस में पंजीकरण हेतु किया गया परन्तु अन्त क्लीनिक भी बिना पंजीकरण के क्लीनिक के स्थान पर दस बैड से अधिक का हॉस्पीटल संचालित करते पाया गया जिसको नोटिस दिया गया है ! डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने निधौलीकलां कस्बे में ही झोलाछाप महीपाल के क्लीनिक पर भी छापा मारा जहां मेडीकल स्टोर की आड में क्लीनिक संचालित होते पाया गया !

# न जीएसटी नंबर मिला और न ही किसी वाहन के कागज

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वाहन काटने के लिए जीएसटी नंबर के साथ-साथ वाहन कबाड़े में देने वाले वाहनस्वामी से लिखित में सूचना ली जाती है। ऐसा कुछ भी आरोपियों के पास नहीं मिला। पुलिस के अनुसार चोरी के भी वाहन काटे जाने की आशंका है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। बता दें कि सोमवार को जलेसर पुलिस ने गांव पिलखुन स्थित बंबा के पास जंगल में दबिश दी थी। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को पकड़ा था। मौके से भारी मात्रा में कटे हुए वाहन, ट्रक की चेसिस और वाहन काटने का सामान मिला था। पुलिस की जांच में सात अन्य आरोपियों के भी नाम सामने आए हैं। बता दें कि कबाड़े का वाहन काटते समय स्वामी की लिखित में अनुमति, गाड़ी के कागज लिए जाते हैं साथ ही जीएसटी नंबर भी होना चाहिए। दोनों के कागज आरोपी नहीं दिखा सके थ। एसएचओ जलेसर गजराज सिंह का कहना है कि चोरी के वाहन काटे जाने की बात सामने आई है। मामले की विवेचना की जारी है। फरार आरोपियों की तलाश में भी दबिश दी जा रही है।

# गिराडे गंज महिला ने खाने में जहर देकर मार डाला सास को- छेड़खानी कर महिला की पिटाई

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- गिराडे गंज कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी रवि प्रताप सिंह की पत्नी काजल ने मायके वालों की साजिश से खाने में जहर देकर सास को मार डाला। रवि ने जनपद मैनपुरी थाना ओरछा के ग्राम ज्योति खुड़िया निवासी रामविलास उर्फ पप्पू उनकी पुत्री काजल एवं काजल के चाचा राजीव चाची रीना एवं मामा भूप सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक रवि का 19 नवंबर 2021 को काजल के साथ विवाह हुआ था काजल अक्सर रवि से झगड़ा करती थी कि अपनी मां से अलग रहो। कभी-कभी वह रवि के मां-बाप को जान से मारने की भी धमकी देती थी।19 जुलाई को काजल ने रवि की मां के साथ मारपीट की तथा अपने पिता रामविलास चाचा राजीव चाची रीना एवं मामा भूप सिंह को फोन कर बुलाया और फोन करके 112 नंबर पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस ने कोतवाली फतेहगढ़ में समझौता कराकर रवि को छोड़ दिया था। ससुराल वालों ने सत्येंद्र सिंह पुत्र वीरपाल सिंह व शोभित सिंह पुत्र अशोक कुमार के सामने रवि को धमकी दी थी कि अगर तुम मां बाप से अलग नहीं रहोगे तो तुम्हारी मां को जान से मरवा देंगे। 26 जुलाई को काजल ने अपने मायके वालों की मिली भगत से सास के खाने में जहर मिला दिया। रवि गंभीर अवस्था में मां को लोहिया अस्पताल ले गया वहां से महिला को कानपुर के लिए रेफर किया गया। रवि ने नाजुक हालत देखकर मां को सिटी अस्पताल में भर्ती कराया वहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई फर्रुखाबाद छेड़खानी कर महिला की पिटाई- कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला निराला नगर बढपुर निवासी राजू गुप्ता की पत्नी गुड़िया के साथ छेड़खानी कर पिटाई की गई। गुड़िया ने बढ़पुर निवासी हैं जगदीश के पुत्र बबलू उसके भाई शिवम एवं उसकी मां आशा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुड़िया रोडवेज बस स्टेशन पर पराठे की ठेली लगाकर गुजारा करती है। बबलू काफी दिनों से गुड़िया को गुड़िया का पीछा कर छेड़छाड़ करता था विरोध करने पर बबलू ने मार डालने की धमकी दी। गुड़िया अपने पति व बेटी के साथ शिकायत करने बबलू के घर गयी तो आरोपियों ने गाली गलौज कर गुड़िया की पिटाई कर धमकाया यदि यहां दुबारा आई तो जान से मार देंगे। टीम ने जनपद एटा कोतवाली अलीगंज के मोहल्ला सुदर्शन दास निवासी राहुल उर्फ पुजारी पुत्र विष्णु चंद्र गुप्ता एवं मोहल्ला सुमेरचंद स्टेट बैंक के पीछे रहने वाले राहुल उर्फ रोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार को आईटीआई चौराहे के निकट 315 बो के तमंचों सहित गिरफ्तार किया है।

## केबीके अवागढ़ ने चलाया जनजागरूकता अभियान



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कृषि विज्ञान केन्द्र अवागढ़ ने ब्लॉक जैथरा के गांव खेरिया नगरशाह में स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें महिला-पुरुष किसानों ने प्रतिभाग कर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हैड डा. मनीश सिंह ने अभियान का उद्देश्य लोगों को शौचालय तक पहुंच प्रदान करना बताया। ताकि लोगों को खुले में शौच करने से रोका जा सके। गंगा-जमुना जैसी नदियों की सफाई करना। उनको प्रदूषित न करने और आसपास के वातावरण को साफ रखना के बारे में बताया। वैज्ञानिक डा. वीरेन्द्र सिंह, नीरज सिंह ने भी स्वच्छता अभियान एवं कम कीमत पर उच्च पौष्टिक आहार के बारे में लोगों को जागरूक किया।

# वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का 16 अगस्त 2022 को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का 16 अगस्त 2022 को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा आज दोपहर 12=00 बजे जीटी रोड स्थित फर्रुखाबाद धर्मशाला मैं आज की बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रजापालन बर्मा ने की बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि कोरोना के चलते विगत 2 वर्षों में वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का कोई भी बड़ा कार्यक्रम नहीं हुआ है इस बार कार्यक्रम को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा

बैठक में सर्वसम्मति से मेला कमेटी का अध्यक्ष रमेश राजपूत एवं नन्नू सिंह बर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया है बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक प्रजा पालन वर्मा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड जिला पंचायत सदस्य नेम सिंह राजपूत ब्लाक प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह वर्मा प्रधान शिवा राजपूत पूर्व सभासद सर्वेश राजपूत ठेकेदार मनपाल वर्मा अखिलेश रिंकू राजवंशी प्रमोद लोधी प्रदीप वर्मा राकेश राजपूत राहुल वर्मा महेश लोधी अमित वर्मा सोनू लोधी भूपेंद्र प्रधान

# शाहबाजपुर में बंजर, चारागाह की भूमि को कराया कब्जामुक्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सदर शिव कुमार, क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान ने राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ तहसील एटा क्षेत्र के मौजा शाहबाजपुर में सरकारी बंजर की भूमि पर संचालित ईंट भट्टे को ध्वस्त कराया। उप जिलाधिकारी सदर शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील एटा सदर में थाना निधौलीकलां क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मौजा शाहबाजपुर की भूमि गाटा संख्या 941 रकबा 5.135 हे0 में से 3.301 हे0 भूमि पर अखलाक अली खान पुत्र समीम खान ने ईट भट्ठा बनाकर बंजर की भूमि में अवैध कब्जा कर रखा, जिसमें बेदखली की कार्रवाई जा चुकी है। एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी ने तीन थानों और महिला थाना फोर्स के साथ मौके पर जाकर गाटा संख्या 941 संपूर्ण कब्जा क्षेत्र स्थापित भट्ठा लगभग 65 बीघा और गाटा संख्या 928 चारागाह भूमि लगभग 20 बीघा के साथ कुल 85 बीघा जिसकी वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार कीमत लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपए है, अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की है। इस दौरान तहसीलदार सीपी सिंह, थाना प्रभारी, लेखपाल, पुलिसबल आदि मौजूद रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# एक प्रभारी सभी अधिकारी पर भारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-कोरिया. गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्धान परिक्षेत्र महुली में मूलभूत आवश्यक सुविधा के विकास में बाधक यहाँ के अधिकारी खुद बने बैठे है जबकि उनका तबादला हुए महीना बीत गया पर अभी तक प्रभारी रेंजर के पद पर शोभमान है. प्रभारी रेंजर वीरेंद्र श्रीवास्तव के जगह पर उद्धान परिक्षेत्राधिकारी ललित राय पैकरा का किया गया. लेकिन आज 4 महीने बाद भी उनको प्रभार तक नही सौपा श्रीवास्तव के खिलाफ कई भ्रष्टाचार की शिकायतों की लंबी सूची है ग्रामीण बताते है कि अपने परिक्षेत्र में आते नही न ही रहते है अपने घर अम्बिकापुर से बैठे बैठाए ड्यूटी कर रहे,यही नही शासकीय वाहन का दूर्यप्रयोग अपने निजी हित के लिए कर रहे. महुली के ग्रामीण बताते है कि यहाँ विधुत नही है विधुत लाइन के लिए पूर्व कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कोशिश की थी और आश्वासन भी दिया था, लेकिन उनका कुछ दिन बाद तबादला हो गया.उसके बाद आये कलेक्टर गौरव कुमार ने कोशिश की थी लेकिन प्रतिबंधित गुरुघासीदास उद्धान परिक्षेत्र होने पर बिजली का विस्तार नही हो सका. दोहरा मापदंड बिजली पोल लगाने के प्रतिबंध है तो वही पाइप लाइन के लिए खुली छूट है. प्रभारी रेंजर की दोहरा नीति मापदंड की सजा ग्रामीण भुगत रहे है जबकि उद्धान परिक्षेत्र में पाईप लाइन की खुदाई के प्रतिबंध है. ग्रामीण बताते है कि कोल्हुआ में पाईप लाइन के लिए जमकर पैसे का बंदरबाट हुआ है. निर्माण कार्य मे भ्रष्टाचार पार्क क्षेत्र में किये गए निर्माण में जमकर अनिमियता भ्रष्टाचार किया गया है. ग्रामीणों ने बताया कि बैजनपाठ जाने मार्ग सड़क निर्माण में अधिकांश जगहों की सड़क बर्बाद हो गई कई जगहों की सड़क गायब हो गई. ग्रामीणों को अभी तक मजदूरी भी नही मिली.इसी तरह एनीकट निर्माण का अधिकारी ने विभाग से पूरा भुगतान प्राप्त कर किया लेकिन उसमें काम करने वाले मजदूरों को अभी तक मजदूरी नही मिला. लकड़ी तस्करों से मिली भगत वन विभाग एवं पार्क क्षेत्र में अधिकारियों की मिली भगत से बड़े पैमाने पर लकड़ी की तस्करी की जा रही है. इस काम मे लगे तस्करों ने खुले आम प्रभारी रेंजर का नाम लेकर लकड़ी तस्करी कराने का आरोप लगा चुके है. पार्क के कर्मचारी तार आपराधिक गतिविधियों सहित मानव तस्करी से भी जुड़े है. घर बैठे ड्यूटी अगर घर बैठे ही अधिकारियों का काम हो जाये तो इससे अच्छा क्या है..? कुछ ऐसा ही पार्क क्षेत्र में है यहाँ पदस्थ रेंजर किसी विशेष दिन ही आते है नही तो वे अपने घर अम्बिकापुर से ड्यूटी करते आ रहे. तबादला हुआ लेकिन प्रभार नही दिऐ अंगद की तरह पैर जमे उप परिक्षेत्रपाल वीरेंद्र श्रीवास्तव को प्रभारी रेजर का प्रभार मिला था. जब रेंजर के पद पर रेंजर ललित राय पैकरा की नियुक्ति अप्रैल में विभाग ने की है लेकिन अभी तक प्रभारी रेंजर ने नए नियुक्त रेंजर को प्रभार नही दिया.

- प्रतिबंधित क्षेत्र में चल रहा खुदाई का काम
- पाइप लाइन के लिए दी खुली छूट,विद्धुत लाइन के लिए लगी रोक
- प्रभारी रेंजर की मनमानी,तबादला हो गए पर पद नही छोड़े,
- अंगद की की तरह पैर जमे

इसके पीछे क्या कारण है फ़िलहाल ग्रामीण बताते है कि उनके द्वारा जमकर अनिमियता सहित फर्जीवाड़ा हुआ है जिसके वजह से प्रभार नव नियुक्त रेंजर को नही दे रहे. कितनी अजीब बिडमबना है पार्क क्षेत्र में किस तरह घोटाले अनिमियता भ्रष्टाचार व्याप्त है एक प्रभारी विभाग के अधिकारी पर भारी पड़ा जिसकी कोरिया सरगुजा सहित सूरजपुर जिले में जमकर चर्चा है. गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान जिला बैकुंठपुर संचालक ने बताया कि नव नियुक्त रेंजर को महुली परिक्षेत्र का प्रभार दे दिया गया उन्होंने ले भी लिया है. कल मैं खुद महुली परिक्षेत्र जाऊँगा और समस्याओं की जानकारी लूँगा-

# आईटीआई चौराहे से तमंचा सहित किया गिरफ्तार

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -कोतवाली फर्रुखाबाद आईटीआई चौकी इंचार्ज मोहम्मद सरताज की टीम ने जनपद एटा कोतवाली अलीगंज के मोहल्ला सुदर्शन दास निवासी राहुल उर्फ पुजारी पुत्र विष्णु चंद्र गुप्ता एवं मोहल्ला सुमेरचंद स्टेट बैंक के पीछे रहने वाले राहुल उर्फ रोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार को आईटीआई चौराहे के निकट 315 बो 'के तमंचों सहित गिरफ्तार किया है। कुशल निर्देशन श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक

श्री अजय प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रदीप सिंह के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फर्रुखाबाद द्वारा दिनांक 26 साथ 2022 को समय 21:50 बजे रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग के दौरान अभियुक्त एक राहुल उर्फ रोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी स्टेट बैंक के पीछे मोहल्ला सुमेर चंद्र थाना अलीगंज जनपद एटा दो राहुल और पुजारी पुत्र विष्णु चंद्र गुप्ता निवासी मोहल्ला सुदर्शन दास कस्बा अलीगंज जनपद एटा को आरटीआई चौराहा कोतवाली फर्रुखाबाद से ग्राम 01-01 तमंचा व दो दो जिंदा कारतूस नाजायज 315 बोर सहित गिरफ्तार कर कोतवाली फर्रुखाबाद पर मुकदमा धारा आईपीएस 476 22 धारा 3/25 आर्म्स पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है

# रेलवे स्टेशन में हुआ एक बड़ा हादसा ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की हुई मौत

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन में हुआ एक बड़ा हादसा ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की हुई मौत रामअवतार पुत्र कुर्री शक्तिमान उर्फ सत्यवान ग्राम दौली थाना लोनार जनपद हरदोई का निवासी है प्रार्थिनी का भतीजा शक्तिमान उर्फ सत्यभान पुत्र स्वयं रामचरण उम्र लगभग 21 वर्ष जो फरीदाबाद से मैं काम करता था फरीदाबाद से अपने घर वापस आ रहा था आज दिनांक 27/7/2022 को मेरे भतीजे की फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई है प्रार्थिनी को पुलिस से सूचना मिलने पर थाने आया था मैंने अपने भतीजे की सही पहचान कर ली है यह शक्तिमान उर्फ सत्यवान है और प्रार्थिनी ने सही कार्रवाई करने की मांग की और उनको यह लगता है कि उनके भतीजे की मौत ट्रेन से नहीं रंजिश में मारा गया है प्रार्थिनी के परिजनों ने यह भी बताया कि शक्तिमान उर्फ सत्यवान के ऊपर 76 का मुकदमा चल रहा था इसलिए इसकी मौत ट्रेन की वजह से नहीं हुई है और उनकी माता ने यह कहा मेरे बेटे को रंजिश में मारा गया है

# शिक्षकों ने रैली निकाल संयुक्त कलेक्टर को दिया ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता में बृद्धि को लेकर जिले के कर्मचारियों का तीसरे दिवस भी आंदोलन जारी रहा। महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता में बृद्धि को लेकर कर्मचारियों का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । आज आक्रोशित शिक्षको ने जिला सूरजपुर में रैली निकाल कर संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी को कलेक्टेट में ज्ञापन सौपा इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रांतीय सह-संचालक रंजय सिंह,नसीम अली,मुकेश मुदलियार ने सभी शिक्षकों से अनिश्चित कालीन आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की एवं महंगाई भत्ता देने तक आंदोलन जारी रहने की बात कही एवं प्रान्तस्तर पर उग्र आंदोलन हेतु तैयार रहने को कहा ।जिला-संयोजक भुपेश सिंह एवं यादवेंद्र दुबे ने अपने उद्बोधन में शासन से जल्द महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग की इन्होंने कहा कि शासन के अड़ियल रवैया के कारण छात्र एवं ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है शासन को जल्द निर्णय लेकर आक्रोश को समाप्त करना चाहिए । इसअवसर पर अनुराघवेंद्र सिंह बघेल, सुरविन्द गुर्जर, नंदकिशोर साहू,मिथलेश पाठक,बिजेंद साहू,सुनील दत्त तिवारी, संतोष भारती,नागेंद सिंह, पीताम्बर मराबी,चन्द्रदेव चक्रधारी,रामबरन सिंह, बिनोद केराम,जितेंद्र सिंह,दीपक झा,घनश्याम सिंह, रामचन्द सोनी, मनोज जायसवाल सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे ।

# नाबालिक छात्रा का अपहरण रेप के मामले में थाना प्रभारी सहित दोषियों पर अपराध दर्ज करने की मांग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर.जब कानून के रक्षक अपराध में संलग्न हो गंभीर अपराधियो पर पर्दा डालकर बचाते रहे, तो क्या होगा..? अपराधों और अपराधियों को संरक्षित देने वाला चाँदनी पुलिस के थाना प्रभारी सहित अन्य दोषियों पर अपराध दर्ज कार्यवाही करने की शिकायत पुलिस महानिरिक्षक सरगुजा से की गई है. जिसमे बताया गया है कि थाना प्रभारी की संलिप्तता में दोषियों को बचाया जा रहा. आम धमकी गाली गलौज देता रहा. दुष्कर्म की घटना कारित करने के बाद आरोपी ने पुन:18 जुलाई को नाबालिक छात्रा को सुने घर से भगाकर ले गया. परिजन की मदद की बजाए पुलिस असहयोग करती रही अपनी बेटी को यहाँ वहाँ तलाशते रहे, जिसकी दिनाँक 22 जुलाई को पुलिस अधीक्षक सहित अजजा थाने में की और दूसरे दिन चाँदनी पुलिस से पता चला की उसकी पुत्री अम्बिकापुर में है. छात्रा के पिता ने दिए शिकायत बताया कि उच्चाधिकारी से शिकायत की जानकारी थानेदार को होने पर आरोपियों को बचाने के लिए उसकी नाबालिक पुत्री को निर्देशित कर बाल कल्याण समिति में भेजा गया जिससे एक बार फिर से आरोपियों पर अपराध दर्ज न हो सके.पीड़ित ने थाना प्रभारी बसंत खलको की 18 जुलाई से अब तक मोबाइल ट्रेस करने की मांग करते हुए दोषी सहित प्रभारी पर अपराध दर्ज करने की गुहार लगाई है कार्यवाही नही होने की दशा में पीड़ित उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज करने की बात कही।